कोविड-19 मनपा के 20 हजार कोरोना वॉरियर्स को वटी का मुफ्त वितरण

इम्युनिटी बढ़ाने में 'रस माधव वटी' उपयोगी : महापौर

नवभारत न्यूज नेटवर्क

पुणे. पुणे के लोगो का स्वास्थ्य अच्छा रहे, कोरोना का प्रसार जल्द से जल्द रोकने के लिए पुणे महानगरपालिका का हर कर्मचारी सैनिको की तरह लड़ रहा है. इन कोरोना वॉरियर्स की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए रस माधव वटी उपयोगी साबित होगी. इस महत्वपूर्ण उपक्रम के लिए श्री विश्ववती आयुर्वेदिक चिकित्सालय व रिसर्च सेंटर का आभार व्यक्त करता हूं. ऐसा मत पुणे के महापौर मुरलीधर मोहोल ने व्यक्त किया. परमपूज्य सद्गुरु श्री आनंदनाथ महाराज सांगवडेकर के आशीर्वाद से व राजवैद्य समीर जमदग्नि के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे 'चला... भारत सशक्त करूया' मुहिम के अंतर्गत श्री विश्ववती आयुर्वेदिक चिकित्सालय व रिसर्च सेंटर, कोल्हापुर और क्विकहिल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पुणे महानगरपालिका के 20 हजार कोरोना वॉरियर्स को (सफाई कर्मचारी, वार्ड ऑफिसर, पालिका के अन्य कर्मचारी)को रस माधव वटी का वितरण किया जा रहा है.

वॉरियर्स का स्वस्थ रहना जरूरी

लोगों का स्वास्थ्य बने रहने के लिए परिश्रम लेनेवाले इन कोरोना वॉरियर्स के स्वास्थ्य के लिए कई संस्थाए आगे आ रही है. यह हमारे लिए प्रेरणा देनेवाली बात है. कोरोना से लड़ते हुए इन लोगो की इम्युनिटी बढ़ाने में यह रस माधव वटी उपयुक्त साबिद होगी. इस उपक्रम से पालिका के लगभग 20 हजार अधिकारी-कर्मचारीयो को लाभ मिलेगा. वैद्य तुषार सौंदाणकर ने कहा कि सद्गुरु विश्वनाथ महाराज रुकडीकर ट्रस्ट द्वारा माधव रसायन, रस माधव वटी का वितरण किया जा रहा है.

इस उपक्रम का शुभारंभ मुरलीधर मोहोल के हाथों हुआ. महापौर कार्यालय में हुए इस समारोह को संयोजक वैद्य तुषार सौंदाणकर, वैद्य राहुल शेलार, क्विकहिल सीएसआर हेड अजय शिर्के, वैद्य श्रीकांत काकडे, वैद्य गिरीश शिर्के, वैद्य अभय जमदग्नी, वैद्य विनय सचदेव आदी उपस्थित थे. मुरलीधर मोहोल ने कहा कि पिछले साऐ पांच महीने से पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारी खुद को धोखे में डालकर काम कर रहे हैं.

डेढ़ लाख से ज्यादा लाभान्वित

यह महामारी की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण है.अनुसन्धान के बाद इस रसायन और वटी निर्माण किया गया है. स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सफाईकर्मी, आदि को इन औषधि दी जाएगी. अब तक अलग अलग जिलों में इस औषधि का वितरण किया है और डेढ़ लाख से ज्यादा कोरोना वॉरियर्स को इसका लाभ हुआ है. माधव वटी को सफाई कर्मचारियों, वार्ड अधिकारियों, नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य, क्षेत्र कार्यालय, प्रबंधन कार्यालय आदि विभागों के माध्यम से वितरित किया जाएगा. रस माधव वटी को सुरक्षा गार्ड और पदाधिकारियों को मेयर के हाथों एक प्रतिनिधि के रूप में वितरित किया गया है.